**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 440**
**बुधवार, 27 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## हिमाचल प्रदेश के लिए राडार नेटवर्क का विस्तार

440. श्री सुरेश कुमार कश्यप:

क्या **पृथ्वी विज्ञान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मिशन मौसम पूर्वानुमान के अंतर्गत मौसम पूर्वानुमान प्रणाली की सटीकता में सुधार करने के लिए राडार नेटवर्क का विस्तार करने के लिए कोई उपाय किए हैं तथा हिमाचल प्रदेश के संबंध तत्संबंधी स्थिति क्या है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) मौसम प्रेक्षण, संचार, मॉडलिंग और पूर्वानुमान प्रणाली को लगातार उन्नत और अपग्रेड करता रहता है। पूर्वानुमान और चेतावनियाँ राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर जारी की जाती हैं।

(ख) जी हां। वर्तमान में, देश भर में विभिन्न स्थानों पर 39 डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) स्थापित किए गए हैं। पूरे रडार कवरेज तथा मौसम के तात्कालिक अनुमान और पूर्वानुमान सेवाओं की सटीकता बढ़ाने के लिए पूरे देश में आरंभ किए गए मिशन मौसम के तहत 87 और डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

*****